1-Prime Minister Narendra Modi inaugurated the "New Bhaupur-New Khurja" section of the Eastern Dedicated Freight Corridor on December 29 via video conferencing.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **29** दिसंबर को पूर्वी समर्पित मालवहन गलियारा (ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) के 'न्यू भाऊपुर- न्यू खुर्जा' खंड का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।

2-Prime Minister Narendra Modi flagged off the 100th Kisan Rail from Sangola in Maharashtra to Shalimar in West Bengal through video conferencing.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाराष्ट्र के सांगोला से पश्चिम बंगाल के शालीमार तक **100**वीं किसान रेल को हरी झंडी दिखाई।

3-The President of India, Ram Nath Kovind inaugurated/laid the foundation stone for various developmental projects in Diu.

भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दीव में विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

4-The Union Home Minister Amit Shah inaugurated the e-office and Thoubal Multipurpose Project (Thoubal Dam) in Imphal through virtual mode.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंफाल में वर्चुअल माध्यम से ई ऑफ़िस और थुबल बहुद्देशीय परियोजना (**Thoubal Dam**) का उद्घाटन किया।

5-The Union Ministry of Road Transport and Highways has extended the validity of vehicular documents like DLs, RCs, permits etc till March 31, 2021 in the light of need to prevent spread of COVID-19.

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कोविड-**19** के प्रकोप के मद्देनजर डीएल**,** आरसी**,** परमिट आदि वाहनों के दस्तावेजों की वैधता को **31** मार्च**, 2021** तक बढ़ा दिया है।

6-Jagti township housing Kashmiri migrant Pandits near here will get a multipurpose indoor stadium to provide better infrastructure facilities for the training of young sports aspirants.

जम्मू में विस्थापित कश्मीरी पंडितों की बस्ती 'जगती' में बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम की स्थापना की जाएगी ताकि युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की सुविधा मिल सके।

7-India women's hockey team player Namita Toppo was conferred with the prestigious 'Ekalavya Puraskar' for her contribution to the game.

भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी नमिता टोप्पो को खेल के प्रति उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'एकलव्य' पुरस्कार से नवाजा गया।

8-The legendary Mahendra Singh Dhoni was named captain of ICC's ODI and T20 International teams of the decade while Virat Kohli stamped his preeminence in world cricket after being voted the skipper of the Test team.

भारत के दिग्गज पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की दशक की एकदिवसीय और टी**20** अंतरराष्ट्रीय टीमों का कप्तान घोषित किया गया जबकि विराट कोहली को टेस्ट टीम का कप्तान चुना गया।

9-Australia captain Tim Paine became the fastest wicketkeeper to reach 150 Test dismissals.

आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज **150** शिकार करने वाले विकेटकीपर बन गए हैं।

10-Padma Shri dance historian and critic Sunil Kothari passed away. He was 87.

पद्मश्री से सम्मानित नृत्य इतिहासकार एवं आलोचक सुनील कोठारी का निधन हो गया। वह **87** वर्ष के थे।